प्रेषक,

रूपाली सिंह,
अपर सिविल जज(जू०डि०),
न्यायालय संख्या–1, रामपुर।

सेवा में,

माननीय महानिबन्धक,
माननीय उच्च न्यायालय,
इलाहाबाद।

द्वारा:– श्रीमान प्रभारी जनपद न्यायाधीश,
जिला–रामपुर।

विषय:– **एल०एल०एम० में स्टडी लीव लेने हेतु तथा दैनिक कक्षाओं या अन्य किसी भी प्रकार की कक्षाओं में उपस्थिति हेतु घोषणापत्र के संबंध में।**

महोदय,

ससम्मान निवेदन करना है कि प्रार्थिनी द्वारा दूरस्थ प्रणाली से कुरूक्षेत्र यूनिवर्सिटी, हरियाणा से एल०एल०एम० करने में प्रवेश लेने के लिए अनुमति हेतु आवेदन किया गया था। जिस पर माननीय महोदय द्वारा प्रार्थिनी को घोषणापत्र हेतु निर्देशित किया गया है।

इस संबंध में माननीय महोदय से निवेदन है कि प्रार्थिनी वर्ष 2020–2021 के सत्र में प्रवेश लेना चाहती है। प्रार्थिनी का दूरस्थ विश्व विद्यालय कुरूक्षेत्र, हरियाणा में एल०एल०एम० की कक्षाओं में या किसी भी प्रकार की कक्षा में उपस्थित होना अनिवार्य नहीं है, जिससे प्रार्थिनी को स्टडी लीव की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।

अतः निवेदन है कि प्रार्थिनी को दूरस्थ प्रणाली से एल०एल०एम० में प्रवेश व परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति प्रदान करने की कृपा करें।

प्रार्थिनी यह भी घोषणा करती है कि प्रार्थिनी की एल०एल०एम की कक्षाओं में या दैनिक किसी भी प्रकार की अन्य कक्षाओं में उपस्थिति अनिवार्य नहीं होगी तथा प्रार्थिनी को एल०एल०एम में स्टडी हेतु स्टडी लीव की आवश्यकता भी नहीं पड़ेगी ।

प्रार्थिनी,
Rupali Singh 17/10/2020
(रूपाली सिंह)
अपर सिविल जज(जू०डि०),
न्यायालय संख्या–1, रामपुर।

दिनांक–17.10.2020

Office of the District Judge
Rampur
No. 5521/IV Dated 19-10-20
FORWARDED
19.10.2020
District Judge